HINDI

इस भूतपूर्व सैनिक दिवस के मौके पर, मुझे उम्मीद है कि आप सभी मेरे साथ शामिल होकर उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजली देंगे, जिन्होंने हमारी जल, थल और वायु सेना के माध्यम से इस महान देश की सेवा की है। इस मौके पर हम इन शानदार लोगों के बलिदान और देशभक्ति का सम्मान करते हैं, जिन्होंने उन मूल्यों और आज़ादी की रक्षा में स्वयं को समर्पित किया, जिनकी बुनियाद पर संयुक्त राज्य अमेरिका को स्थापित किया गया है। हम इन असाधारण भूतपूर्व सैनिकों के बहुत-बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमारे देश की रक्षा और सुरक्षा में अपना कर्तव्य निभाया है।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में ऐसे अनेक भूतपूर्व सैनिक मौजूद हैं, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समुदाय की सेवा करने की ज़िम्मेदारी उठाई है। मैंने स्वयं हमारी कक्षाओं और स्कूलों में उत्कृष्टता, नेतृत्व और हौसले के प्रति उनके समर्पण का वही जज़्बा देखा है, जो किसी भी सैनिक की निशानी होती है। अपने सामने देशभक्ति, नागरिक कर्तव्यों और खुद को किसी नेक काम में समर्पित करने के जीते-जाते उदाहरण देख कर हमारे विद्यार्थियों में भी यही भावनाएं उत्पन्न होती हैं।

हमारी देश की सेनाओं में सेवा करने के लिए आपको सलाम और सार्वजनिक शिक्षा की निर्विवाद शक्ति के माध्यम से अमेरिका के भविष्य को सुरक्षित बनाने में निरंतर अपना योगदान देने के लिए आपको हमारा आभार।

Devon Q. Horton

Dr. Devon Q. Horton, *अधीक्षक*
DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट